डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार योजना, लखनऊ – 226031

Ref. No.: AKTU/Dean-PGSR/2023/ 7046 Dated: 4 October, 2023

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य / समस्त विद्यार्थी
विश्वविद्यालय से सम्बद्ध एम0टेक0, एम0फार्म एवं
एम0आर्क पाठ्यक्रम संचालित करने वाले समस्त संस्थायें।

**विषयः सत्र 2022–23 की एम0टेक0, एम0फार्म एवं एम0आर्क पाठ्यक्रम के रेगुलर एवं कैरी ओवर विद्यार्थियों के डिजरटेशन (Dissertation) के मूल्यांकन एवं मौखिक परीक्षाओं के द्वितीय चरण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक के सम्बन्ध में सूचित करना है कि सत्र 2022–23 के एम0टेक0, एम0फार्म एवं एम0आर्क पाठ्यक्रम के रेगुलर एवं कैरी ओवर छात्र/छात्राओं के डिजरटेशन (Dissertation) का मूल्यांकन एवं मौखिक परीक्षाओं में कतिपय छात्रों द्वारा प्रथम चरण में आवेदन नही किया गया था अथवा वे किसी कारण वश अयोग्य पाये गये थे ऐसे समस्त छात्र/छात्राओं हेतु पुनः द्वितीय चरण में एक अवसर दिया जा रहा है।

उक्त के सम्बन्ध में सूचित करना है कि एम0टेक0, एम0फार्म एवं एम0आर्क सत्र 2018–2019, से 2021–22 में पंजीकृत छात्र छात्राओं के डिजरटेशन (Dissertation) का मूल्यांकन, सत्र 2016–17 एवं 2018–19 आर्डिनेन्स के बिन्दु संख्या 20 के अनुसार सम्पन्न करायी जायेगी।

उक्त के क्रम में सूचित करना है कि समस्त अर्ह छात्र/छात्राओं का आवेदन संस्थान **अपने निदेशक ई0आर0पी0 लॉगिन** से **दिनांक 05 अक्टूबर, 2023** से 15 **अक्टूबर 2023 के मध्य** तक प्रत्येक दशा में अपलोड करना सुनिश्चित करेंगें। सम्बन्धित सभी Information/ Sessionals को सही से भरा जाना तथा थीसिस का M.S. Word Format (as per AKTU Guidelines) में अपलोड किया जाना अत्यन्त आवश्यक होगा। तत्पश्चात छात्र अपनी ई0आर0पी0 लॉगिन से देय शुल्क का भुगतान करेंगें। शुल्क भुगतान के उपरान्त ही आवेदन स्वीकार किया जायेगा अन्यथा आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा। किसी अन्य माध्यम अथवा उक्त दिनांक के उपरान्त कोई आवेदन स्वीकार नही किया जाएगा। इसके अतिरिक्त यह भी सूचित है कि अर्ह छात्र/छात्राओं की डिजरटेशन (Dissertation) का मूल्यांकन एवं मौखिक परीक्षायें लखनऊ में आयोजित करायी जाएगी ।

**नोटः–**

1. **पूर्ण थीसिस (कवर पेज सहित )सिंगल फाइल के रूप में अपलोड करें।**
2. **थीसिस का प्लेगरिस्म चेक करते समय विशेष ध्यान रखें कि थीसिस प्लेगरिस्म चेकिंग सॉफ्टवेयर की किसी भी रेपोज़ेट्री में जमा न की जाये। ऐसी स्थिति में थीसिस मूल्यांकन हेतु स्वीकार नहीं की जाएगी एवं समस्त जिम्मेदारी सम्बंधित छात्र/संस्थान की होगी।**

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने संस्थान में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को उपरोक्त के सम्बन्ध में सूचित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

03.10.2023

(प्रो0 एच0के0 पालीवाल)
अधिष्ठाता, परास्नातक एवं शोध